राजकीय सचिव

प्रिय मतदाता:

मतदान के लिए पंजीकरण कराकर, आपने पहला कदम उठा लिया है कि आप California का भविष्य तय करने में एक सक्रिय भूमिका निभाना चाहते हैं। अब आपके फैसले में मदद करने के लिए, मेरे कार्यालय ने यह आधिकारिक मतदाता सूचना मार्गदर्शिका तैयार की है—जो यह जानने के उपयोगी साधनों में से एक है कि आपके मतपत्र पर क्या छपा होगा और यह चुनाव कैसे होगा।

उम्मीदवारों तथा आपके क्षेत्र के लिए विशिष्ट विधेयकों के बारे में सूचना, आपके काउन्टी नमूना मतपत्र पुस्तिका में उपलब्ध है। निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में और अधिक जानकारी के लिए—जिसमें यह जानकारी भी शामिल है कि अपनी मतदाता पंजीकरण स्थिति की जांच कैसे करें, कहां मतदान करें, अथवा आपका डाक-द्वारा-मतपत्र प्राप्त हुआ या नहीं—*www.sos.ca.gov/elections* पर विज़िट करें अथवा मेरी शुल्क मुक्त मतदाता हॉटलाइन (888) 345-2692 पर फोन करें।

मतदान करना आसान है, और प्रत्येक पंजीकृत मतदाता डाक द्वारा या स्थानीय मतदान स्थल पर जाकर मतदान कर सकता है। आपके काउन्टी चुनाव कार्यालय से डाक द्वारा मतपत्र हेतु अनुरोध करने का अंतिम दिन 27 मई है। चुनाव दिवस पर, मतदान सुबह 7:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक खुला रहेगा।

निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के और भी तरीके हैं।

- चुनाव दिवस पर मतदान कर्मी बनें, और इस तरह सभी योग्य मतदाताओं के लिए मतदान करना आसान बनाएं तथा चुनाव अधिकारियों द्वारा मतपत्रों की गिनती किए जाने तक मतपत्रों की सुरक्षा करें।
- ई-मेल, फोन कॉल, ब्रोशरों, और पोस्टरों के ज़रिए मतदाता पंजीकरण समय–सीमा तथा मताधिकार के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जानकारी दें।
- चर्चा समूहों का आयोजन करके अथवा मित्रों, परिवार, तथा समुदाय के नेताओं के साथ वाद-विवाद में भाग लेकर अन्य मतदाताओं को उम्मीदवारों और मुद्दों के बारे में जानकारी दें।

इस निर्देशिका में जो बातें दी गई हैं, वे हैं - राज्य मतपत्र संबंधी विधेयकों के शीर्षक और सारांश जो अटॉर्नी जनरल Kamala D. Harris द्वारा तैयार किए गए हैं; मतपत्र संबंधी विधेयकों और करदाताओं के लिए संभावित लागतों का निष्पक्ष विश्लेषण जो विधायी विश्लेषक Mac Taylor द्वारा तैयार किया गया है; मतपत्र संबंधी विधेयकों के पक्ष में और उनके विरुद्ध तर्क जो समर्थकों एवं विरोधियों द्वारा तैयार किए गए हैं; प्रस्तावित कानूनों का पाठ जिसे विधायी सलाहकार Diane F. Boyer-Vine द्वारा तैयार किया गया है एवं प्रूफ़ पढ़ा गया है; तथा अन्य उपयोगी सूचना। इस निर्देशिका की छपाई राज्य प्रिंटर David Gerald "Jerry" Hill के पर्यवेक्षण में की गई।

लोकतन्त्र में विकल्प उपलब्ध होना तथा अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार होना एक शानदार विशेषाधिकार है। जैसा कि आप जानते हैं, कुछ चुनावी मुकाबलों में जीत और हार के बीच चंद मतों का ही अंतर होता है। मैं आपको प्रोत्साहित करती हूं कि आप प्रत्येक उम्मीदवार और मतपत्र संबंधी विधेयक के बारे में ध्यानपूर्वक पढ़ने में समय लें—और अपने मताधिकार को जानें।

अपनी नागरिक जिम्मेदारी को गंभीरता से लेने तथा अपनी राय व्यक्त करने के लिए आपका धन्यवाद!